8. Doordarshan also gave rights of the four serials titled "Flop Show", "Circus", "Dil Darya" and "Doosra Kewal" for telecast on Asian Satellite.

(c) A sum of US Dollar 1.50 lakhs (in foreign currency) and Rs. 9.90 lakhs (in Indian Currency) was earned by giving above coverage to the international channels.

(d) During 1996-97 and 1997-98, royalty amounting to Rs. 5.85 crores, including a foreign exchange component of Rs. 2.22 crores, was paid for acquiring rights of foreign programmes.

मीडिया पर हिंसा के प्रभाव से संबंधित समाचार

682. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:**
श्री बरजिन्दर सिंह:

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार का ध्यान 23 मार्च, 1998 को दैनिक "पायनियर" में प्रकाशित "मीडिया वायलैन्स इन्फ्यूलेन्सैज किड्स" शीर्षक की ओर दिलाया गया है;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि मीडिया द्वारा हिंसा, अंधविश्वास, अपराध और अश्लीलता वाले कार्यक्रम समय-समय पर प्रसारित होते रहते हैं और इससे अपरिपक्व नागरिकों तथा अबोध बच्चों पर इसका कुप्रभाव पड़ता है; और

(ग) यदि हां, तो इस संबंध में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और सरकार की इस बारे में भावी योजना क्या है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): (क) जी, हां।

(ख) और (ग) इस समय, प्रसार भारती (दूरदर्शन) अपने सभी कार्यक्रमों के प्रसारण से पहले उनका पूर्वावलोकन करता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनमें अधिक हिंसा या अश्लीलता न हो जिससे लोगों पर बुरा प्रभाव पड़े। पूर्वावलोकन से यह भी सुनिश्चित किया जाता है कि सभी कार्यक्रम, कार्यक्रम संहिता एवं विज्ञापन संहिता के अनुरुप है। सरकार ने प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम, 1990 के प्रावधानों को बहाल करने हेतु एक संशोधन विधेयक प्रस्तुत करने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी है जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले सभी कार्यक्रमों की मानीटरिंग के लिए एक प्रसारण परिषद् के गठन की व्यवस्था है। केबल नेटवर्क पर केबल टेलीविजन नेटवर्क (विनियमन) अधिनियम, 1995 और केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 के प्रावधान लागू होते हैं। अधिनियम की धारा-5 तथा 6 के अनुसार, केवल विशिष्ट गैजटों/डिकोडरों की सहायता से प्राप्त हो सकने वाले चैनलों पर कार्यक्रमों/विज्ञापनों के मामले में निर्धारित कार्यक्रम/विज्ञापन संहिताओं का पालन करना अपेक्षित है।

राष्ट्रीय मीडिया नीति

683. **श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:**
श्री बरजिन्दर सिंह:

क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि सरकार एक नई राष्ट्रीय मीडिया नीति बनाने की आवश्यकता महसूस कर रही है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) सरकार इस नई मीडिया नीति को कब तक घोषित करने और लागू करने का विचार रखती है?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज): (क) और (ख) मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में नई जानकारियों को शामिल करने के लिए एक राष्ट्रीय मीडिया नीति बनाई जानी आवश्यक है ताकि हमारी सामाजिक आवश्यकताओं तथा हमारे सांस्कृतिक मूल्यों को ध्यान में रखते हुए एक उद्देश्यपरक वातावरण तैयार किया जा सके।

इस संबंध में, इस मंत्रालय से सम्बद्ध संसदीय परामर्शदात्री समिति की एक उप समिति ने राष्ट्रीय मीडिया नीति पर एक सैद्धान्तिक दस्तावेज तैयार किया था। इस विषय पर विचार करने के लिए उक्त दस्तावेज परामर्शदात्री समिति के विचाराधीन था।

(ग) चूंकि मामला अभी भी विचाराधीन है, इसलिए कोई निश्चित समयसीमा बता पाना संभव नहीं है।

अहमदाबाद और राजकोट के दूरदर्शन केन्द्रों के कर्मचारियों का दिल्ली में स्थानांतरण

684. **श्री गोपाल सिंह जी॰ सोलंकी:** क्या **सूचना और प्रसारण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दूरदर्शन महानिदेशक द्वारा संसद के प्रत्येक सत्र के दौरान अहमदाबाद और राजकोट-दूरदर्शन केन्द्रों